ढाई साल से रेडियोलॉजिस्ट नहीं, निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों के भरोसे मरीज

नवभारत न्यूज

बैतूल, 9 जुलाई. जिला अस्पताल बिना रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के संचालित हो रहा है, यहां जो रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ थे, वह सेवानिवृत्त हो चुके है, तब से लेकर वर्तमान तक नये रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो पाई है।

सेवानिवृत्ति के बाद नहीं हुई पदस्थापना

अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं होने से मरीज हो रहे परेशान

जिस समय डॉक्टर के सेवानिवृत्ति की तिथि नजदीक थी, उस समय से अस्पताल प्रबंधन ने रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की मांग कर रहा है। लेकिन नये डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो सकी। जिससे मरीजों को सोनोग्राफी कराने में दिक्कते हो रही है। हालात यह है कि जिला अस्पताल में पेट से संबंधित मरीजों को सोनोग्राफी कराने के लिए निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर जाना पड़ रहा है, जहां मरीजों को प्रति सोनाग्राफी के 800 से 1000 रूपये चुकाने पड़ रहे है। बता दे कि जिला अस्पताल में पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. ओपी यादव 31 दिसम्बर 2023 को रिटायर हो गए। उनके रिटायरमेंट के ढाई साल बाद भी जिला अस्पताल में नए डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो सकी, जिससे अस्पताल में सोनोग्राफी का कार्य प्रभावित हो रहा है।

केवल गर्भवती महिलाओं की हो रही सोनाग्राफी : जिला अस्पताल में केवल दो महिला डॉक्टर द्वारा इमरजेंसी में गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है, इसके अलावा अतिरिक्त मरीजों की सोनोग्राफी जांच नहीं होने से परेशानियों का सामना करना

पड़ रहा है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन 500 से एक हजार से अधिक मरीज इलाज कराने आते है। ऐसे में डॉक्टर जिन्हें पेट संबंधी परेशानी है, उन्हें सोनोग्राफी कराने की सलाह देते है, लेकिन जिला अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को शहर के प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर जाना पड़ता है। जहां मरीजों की जेब हल्की हो रही है। यहां सोनोग्राफी के मरीजों को 800 से 1000 रूपये चुकाने पड़ रहे है।

बरसात में बढ़ जाती है पेट संबंधी बीमारियां : बरसात के मौसम में बीमारियों का ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ता है। खासकर पेट संबंधी बीमारियों से ग्रसित लोग अस्पताल पहुंचे है। इन मरीजों को सोनोग्राफी कराने की सलाह तो डॉक्टरों द्वारा दी जाती है, लेकिन जिला अस्पताल में सामान्य मरीजों की सोनोग्राफी नही होने की वजह से मरीजों को निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर जाकर सोनाग्राफी करना पड़ता है। लेकिन अस्पताल में आवश्यकता अनुरूप डॉक्टर की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है और अक्सर अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ती है, वह अलग है। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर रिटायर होने वाले थे, उसके एक पखवाड़े पहले से ही पत्र जारी किया और डॉक्टर की मांग की थी। इसके बाद भी अनेको बार पत्राचार किया, किन्तु रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई है।

> जनरल सोनोग्राफी के लिए कोई डॉक्टर नहीं है। गर्भवती महिलाओं की सोनाग्राफी के लिए दो महिला डॉक्टरों को नियुक्त किया गया है, जो गर्भवतियों की सोनोग्राफी करने में प्रशिक्षित है।
>
> – **डॉ. जगदीश घोरे,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल, बैतूल

गरीब मरीजों पर पड़ती है आर्थिक मार

जिला अस्पताल में निःशुल्क सोनोग्राफी की जाती है, लेकिन यहां डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को निजी सेंटरों पर सोनोग्राफी करवानी पड़ रही है। जिसमें सबसे अधिक आर्थिक मार गरीब वर्ग के मरीजों पर पड़ती है। जहां पर अल्ट्रासाउंड जांच के लिए उनको 800 से 1000 रुपए चुकाना होते हैं। यही सोनोग्राफी जिला अस्पताल में निःशुल्क हो जाती थी। कई लोगों के पास रूपए नहीं होने पर सोनोग्राफी तक नहीं करवा पा रहे है। लेकिन अभी अस्पताल में नये रेडियोलॉजिस्ट को लेकर कोई ठिकाना नहीं है। कब तक नए डॉक्टर अस्पताल को मिलेगा, यह बताना भी अभी संभव नहीं है।

शासन को कई बार कराया अवगत, नहीं हुई पदस्थापना

जिला अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग भोपाल को पत्र के माध्यम से कई बार रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने की जानकारी दी। लेकिन विभाग की तरफ से भी अभी तक कोई जवाब नहीं आया है कि कब तक डॉक्टर की पदस्थापना होगी। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर रिटायर होने वाले थे, उसके एक पखवाड़े पहले से ही पत्र जारी किया और डॉक्टर की मांग की थी। इसके बाद भी अनेको बार पत्राचार किया, किन्तु रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई है। जिससे लोगों के साथ-साथ डॉक्टरों की भी परेशानी बढ़ गई है कि वे मरीज के सही उपचार के लिए सोनोग्राफी नहीं करवा रहे है। बिना सोनोग्राफी के जांच करना या निजी सेंटरों से सोनोग्राफी करवाने की सलाह देना डॉक्टरों के लिए भी परेशानी का कारण बन गया है।

एक नजर में

संपर्क अभियान के तहत शिविर आज

बैतूल। विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल ग्रामीण द्वारा 10 जुलाई को संपर्क अभियान के तहत कोलगांव में शिविर आयोजित किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल ग्रामीण के सहायक प्रबंधक ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में क्लस्टर क्रमांक-1 कोलगांव पंचायत के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

पटवारी संघ ने मांगों का ज्ञापन सौंपा

बैतूल। मप्र पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान के अंतर्गत जिला अध्यक्ष मोहनलाल धुर्वे के नेतृत्व में जिले की समस्त तहसीलों के तहसील अध्यक्षों, तहसील सचिवों एवं पटवारियों ने मुख्यमंत्री के नाम से जिला प्रशासन को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष मोहनलाल धुर्वे ने कहा कि पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग करते हुए चेतावनी दी गई कि यदि समय रहते मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश संगठन के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से पटवारी संवर्ग का लंबित कैडर रिव्यू तत्काल लागू कर पात्र पटवारियों को पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिए जाने की मांग की गई। नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा नियमित रूप से आयोजित करने की बात रखी गई। संघ का कहना है कि वर्ष 2018 के बाद परीक्षा आयोजित नहीं हुई है, जिससे योग्य पटवारियों की पदोन्नति प्रभावित हो रही है। जिला उपाध्यक्ष कमल धोटे ने कहा कि पटवारियों को लोक सेवक संरक्षण (प्रोटेक्शन) एक्ट के दायरे में शामिल किया जाए। बृजलाल भलावी व जिला सचिव धर्मेंद्र हिग्वे ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत वर्षों से लंबित मानदेय एवं वित्तीय भुगतानों का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही गई, जिससे पटवारियों को उनके कार्यों का समय पर पारिश्रमिक मिल सके।

बाजार से लोगों के मोबाइल चोरी करने वाले 2 पकड़ाए

मुलताई। नगर में बैतूलरोड मंगलवार बाजार से 2 लोगो के मोबाइल चोरी करने वाले 2 लोगों को पकड़कर उनके पास से चोरी किए 2 मोबाइल बरामद किए है।

चोरों के पास से बरामद किये चोरी गए मोबाइल

आरोपियों को किया न्यायालय में पेश

टीआई विकास पटेल ने बताया कि बीते दो दिन पहले मंगलवार 7 जुलाई को फरियादी योगेश साहू उम्र 44 वर्ष, निवासी बंगाली कालोनी, मुलताई ने अरिहंत लान के संचालक राजू जैन के साथ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम करीब 4.30 बजे जब वे मंगलवारा बाजार में सब्जी (आलू) खरीद रहे थे, तभी कुछ अज्ञात लड़कों ने जबरदस्ती पास आकर उनकी शर्ट की जेब से उनका रेडमी 5जी मोबाइल कीमत 18 हजार रुपए और राजू जैन का सैमसंग अल्ट्रा एस -24 मोबाइल कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए का झपट लिया और भीड़ का फायदा उठाकर भाग गए। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा धारा 304(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और तकनीकी साक्ष्यों की मदद ली गई। घेराबंदी कर पुलिस ने मंगलवारा बाजार से दो संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ करने पर मोबाइल चोरी कफना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी प्रमोद पिता मुकेश राजपूत जाति पारधी, उम्र 24 साल, निवासी ग्राम मसखापर, थाना काटोल एवं एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर उनके पास से एक रेडमी 5जी मोबाइल 18 हजार रुपए एवं एक सैमसंग अल्ट्रा स-24 मोबाइल कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए का कुल 1लाख 38 हजार रुपए के मोबाइल विधिवत जप्त कर आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विकास पटेल, सउनि श्रीराम मांडवी, प्र.आर. सोनू ठाकुर, नरेन्द्र कुशवाह की भूमिका रही।

अमरावती घाट एवं सावंगी जोड़ मार्ग हुआ जर्जर

मुलताई। प्रभात पट्टन से सावंगी जोड़ एवं अमरावती घाट मार्ग बारिश में जर्जर हो चूका है, कि स्थानों पर मार्ग पूरी तरह से दलदल हो चुका है। जिसके वाहन चालकों एवं यात्रियों को परेशानी का सामना कफना पड़ रहा है।

बताया जाता है इस मार्ग से होते हुए करीब 15 से 20 यात्री बसें इंदौर भोपाल चलती है। इसके पूर्व बारिश के समय यात्री बसों को बघो ?ा होते हुए बैतूल भोपाल इंदौर जाना पड़ता था जिससे कई गांव का आवागमन रुक गया था, दो -दो मार्ग बंद रहने से स्कूल के बच्चे समय पर प्रभात पट्टन नहीं आ पाए थे और साप्ताहिक बाजार में भी व्यापारी अपनी दुकान लेकर प्रभात पट्टन नहीं आ पाते थे। तत्कालीन कलेक्टर ने भी इस मार्ग का निरीक्षण किया था और ग्रामीण और स्कूल के बच्चों को आश्वासन दिया था इस मार्ग का जल्दी निर्माण कार्य कराया जाएगा। लेकिन ग्रामीणों की मांग और बच्चों की मांग पर जन प्रतिनिधियों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग का जल्दी निर्माण कार्य नहीं होता है तो आने वाले समय में जनप्रतिनिधियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

पवित्र नगरी में अवैध शराब बेच रहे 3 आरोपी गिरफ्तार

मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई में शराब पर प्रतिबंध होने के बधाई भी अवैध रूप से शराब बेच रहे 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध शराब जप्त की है। टीआई विकास पटेल ने बताया बीते 8 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मुलताई कस्बा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर मुलताई पुलिस ने तुरंत टीमें गठित कर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। कार्यवाही के दौरान आरोपी राजेन्द्र पिता धनराज शिवहरे निवासी पटेल वार्ड मुलताई से 17 पाव देशी शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1 हजार 480 रुपए,आरोपी देवेन्द्र पिता भंगुसिंह परमार निवासी तिलक वार्ड मुलताई के कब्जे से 15 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1 हजार 200 रुपए तथा आरोपी मनीष पिता श्रीराम पवार निवासी पटेल वार्ड मुलताई से 40 पाव देशी प्लेन, 40 पाव देशी मसाला और 06 पाव ओसी शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 8 हजार 660 रुपए है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 118 पाव मदिरा कुल 21लीटर 240 मिली लीटर विधिवत जप्त की गई, जिसका कुल बाजार मूल्य 11 हजार 340 आंका गया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मां ताप्ती जन्मोत्सव के प्रचार के लिए निकलेगा रथ

मुलताई। सूर्य पुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा लगातार 9वर्षो से क्षेत्र के करीब 125 ग्रामो में सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, लगातार दसवे वर्ष में भी कार्यक्रमो का आयोजन किया जाना है, कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए शुक्रवार ताप्ती तट से मां ताप्ती रथ निकाला जाएगा। गुरुवार कि पत्रकार वार्ता आयोजित कर न्यास के सदस्य डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष हेमंत शर्मा, जयेश सघवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष हनी भार्गव, गुड्डू पवार ने बताया साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजन को लेकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए रथ यात्रा 125 ग्रामों में निकाली जाएगी। रथ यात्रा 10 जुलाई को

पवित्र नगरी से निकलकर थाना साईखेड़ा पहुंचेगी जो क्षेत्र में प्रचार प्रसार करेगी, जिसका 13 जुलाई तक जोलखेड़ा में समापन होगा।14 जुलाई एक सैकडा ग्रामो के मंदिर में मां ताप्ती जल कलश पुजन स्थापना 15 जुलाई को सभी ग्रामो में स्वच्छता कार्यक्रम,16 जुलाई को नगर सहित ग्रामो में गौ पूजन एवं गौ रक्षक का संकल्प एवं संगोष्ठी, 17 जुलाई को ग्रामीण के ताप्ती उपवन में पौधारोपण,18 जुलाई को खिचड़ी संग्रह और समरसता यज्ञ,19 जुलाई को ताप्ती तट पर मां ताप्ती बनो प्रतियोगिता एवं पूर्व संध्या पर मां ताप्ती जी की महा आरती एवं 20 को दंडवत परिक्रमा का आयोजन होगा।

आरटीआई के तहत नहीं मिल रही गौशाला की जानकारी

पाथाखेड़ा। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा संचालित गौशाला में मवेशियों के संरक्षण एवं रखरखाव के नाम पर किए गए व्यय, भुगतान राशि तथा कार्यों के विवरण को लेकर पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। कांग्रेस नगर अध्यक्ष माया वर्मा के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत नगर पालिका परिषद से गौशाला संचालन से संबंधित विभिन्न जानकारियां मांगी गई थीं, जिनमें मवेशियों के चारे, भुगतान, कार्यों के निष्पादन तथा संबंधित एजेंसियों एवं व्यक्तियों को किए गए भुगतानों का विवरण शामिल था। आरोप है कि निर्धारित अवधि बीत जाने के बावजूद मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। आवेदक का कहना है कि सार्वजनिक धन से संचालित योजनाओं और कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है तथा सूचना उपलब्ध न कराना जवाबदेही और सुशासन की भावना के विपरीत है। मामले में यह भी मांग उठाई गई है कि गौशाला संचालन से जुड़े सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यह स्पष्ट किया जाए कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों और नियमों के अनुरूप ही भुगतान एवं कार्य संपादित किए गए हैं या नहीं।

कोयला मजदूरों के शोषण का सिलसिला जारी

पाथाखेड़ा। कोयला खदानों में कार्यरत ठेका मजदूरों की मेहनत और पसीने पर डाका डालने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लंबे समय तक चले आंदोलनों, धरना-प्रदर्शनों और जिला प्रशासन से लेकर केंद्रीय श्रम अधिकारियों तक की गई शिकायतों के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। मजदूरों के शोषण का यह काला अध्याय आज भी खुलेआम जारी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेका मजदूरों के खातों में पूरी मजदूरी जमा कराने के बाद उनसे 18 से 20 हजार रुपये तक वापस लेने का खेल आज भी बदस्तूर जारी है। मजदूरों की आर्थिक मजबूरी का फायदा उठाकर ठेकेदार उनके हक और अधिकारों पर डाका डाल रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग और प्रशासनिक तंत्र मूकदर्शक बना हुआ है। सबसे गंभीर बात यह है कि मजदूरों का न तो पीएफ काटा जा रहा है और न ही सीएमपीएफ जैसी भविष्य निधि योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है। परिणामस्वरूप वर्षों तक खदानों में अपनी मेहनत खपाने वाले सैकड़ों मजदूर सामाजिक सुरक्षा और भविष्य की आर्थिक सुरक्षा से पूरी तरह वंचित हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे सारनी नगर क्षेत्र में सैकड़ों मजदूरों का शोषण करने वाले ठेकेदारों पर न तो प्रशासन के उच्च अधिकारी अंकुश लगा पाए हैं और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधि मजदूरों को उनका पूरा वेतन और अधिकार दिलाने में सफल हुए हैं। आरोप यह भी हैं कि ठेकेदार और कुछ जिम्मेदार अधिकारी आपसी सांठगांठ और आर्थिक लाभ के चलते इस व्यवस्था को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। सारनी नगर से लेकर जिला मुख्यालय तक अधिकारियों को इस पूरी कार्यप्रणाली की जानकारी होने के बावजूद मजदूरों के हित में अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है।

शिक्षकों की लंबित क्रमोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

बैतूल। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के वर्षों से लंबित क्रमोन्नति, पदोन्नति, संविलियन, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति सहित सात प्रमुख मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। मोर्चा ने कहा कि विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर लंबित प्रकरणों के कारण शिक्षक लंबे समय से परेशान हैं, जिनका तत्काल निराकरण किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2001 में नियुक्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों में कई कर्मचारियों के 12 एवं 24 वर्ष की

क्रमोन्नति के आदेश अभी तक जारी नहीं हुए हैं। वहीं नवीन संवर्ग में नियुक्त शिक्षकों की परीक्षा अवधि पूर्ण होने के बावजूद उनके आदेश भी लंबित हैं। मोर्चा ने आरोप लगाया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी चिचोली के कार्यालय में छह शिक्षकों के चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के प्रकरण एक माह से लंबित हैं, जबकि आयुक्त कार्यालय द्वारा राशि का शीघ्र आहरण करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 2014 में नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों की क्रमोन्नति संबंधी फाइलें चिचोली और भीमपुर विकासखंड में लंबित हैं। नवीन संवर्ग की संविलियन फाइलें भी चिचोली में लंबित हैं, जबकि संविदा से सहायक अध्यापक के रूप में संविलियन के भीमपुर विकासखंड के प्रकरण जिला स्तर पर अटके हुए हैं। संयुक्त मोर्चा ने मांग की कि अध्यापक संवर्ग में वर्ष 2012 के बाद से लंबित पदोन्नति के पदांकन आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। साथ ही उच्च माध्यमिक शिक्षकों की पदोन्नति के आदेश भी तत्काल जारी किए जाएं। शिक्षा विभाग में पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षकों को अब तक इसका लाभ नहीं मिला है।

निरीक्षण भौंरा में लोगों के घर पहुंचकर सुनीं समस्याएं, छात्रावास में रोटी मशीन चलवाकर देखी

आयोग सदस्य का निरीक्षण, कमियां मिलने पर अधीक्षकों को लगाई फटकार

भौंरा। मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगलसिंह धुर्वे ने बुधवार को शाहपुर विकासखंड के एक दिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम भौंरा का भ्रमण किया तथा जनजातीय छात्रावासों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी-छोटी कमियां सामने आने पर उन्होंने संबंधित छात्रावास अधीक्षकों को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यार्थियों से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी कमियों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री धुर्वे सुबह

अपने निवास रामपुर रैय्यत से ग्राम भौंरा पहुंचे। यहां उन्होंने विधायक के निवास पर पहुंचने के बाद नगर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मोहल्लों में लोगों के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं तथा स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की।दोपहर बाद उन्होंने विकासखंड शाहपुर अंतर्गत संचालित सीनियर कन्या छात्रावास भौंरा, सीनियर बालक छात्रावास भौंरा, आदिवासी कन्या आश्रम भौंरा तथा आदिवासी बालक आश्रम धार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावासों में साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, पेयजल, विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। कुछ स्थानों पर छोटी कमियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधीक्षकों को मौके पर ही फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयोग सदस्य श्री धुर्वे ने सीनियर बालक छात्रावास भौंरा में स्थापित रोटी मशीन भी चालू कराकर उसकी कार्यप्रणाली देखी। उन्होंने मशीन के नियमित संचालन और विद्यार्थियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। आयोग सदस्य ने छात्र-छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई, भोजन, छात्रावास की सुविधाओं तथा अन्य आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो उसकी जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें।इस दौरान संबंधित छात्रावास अधीक्षक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान सरपंच मीरा धुर्वे, जनपद सदस्य सुधीर नायक, जय किशोर मिश्रा, अशोक नायक, पप्पू यादव, राधेश्याम यादव,मोहित अग्रवाल, दिलीप माधव, संस्कार मालवीय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक/लो.नि.शा./ई./2940 TO 2942 — बैतूल दिनांक 06/07/2026

// ई- टेन्डर आमंत्रण सूचना //

(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

क्र.	ऑन लाईन निविदा क्रं	कार्य का विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_519481_1	CONSTRUCTION OF CC ROAD MAHESH INGLE TO SHIV MANDIR MANOJ KHARE TO DAINE MAKODE AND KALU UIKEY TO ARJUN PAL IN GANDHI WARD BETUL	1- 50 Days 2-564588/-	1- 2000/- 2- 5600/-	22/07/2026
2	2026_UAD_519482_1	CONSTRUCTION OF CC WEARING COUT ROAD ISAI CHOUK TO PANDEYJI HOUSE IN KRISHNPURA WARD BETUL	1-70 Days 2-2487075/-	1-5000/- 2- 18700/-	06/08/2026
3	2026_UAD_519483_1	CONSTRUCTION OF CC ROAD KANTISHIWA PETROL PUMP TO MULLA GODAUN IN GANESH WARD BETUL	1- 70 Days 2-2072928/-	1-5000/- 2-15600/-	06/08/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(नवनीत पाण्डेय) मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बैतूल